मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-263
22/08/2024

# मुख्यमंत्री ने एन0एच0–77 मुजफ्फरपुर–हाजीपुर फोरलेन के निर्माणाधीन मुजफ्फरपुर बाईपास का किया निरीक्षण, तेजी से निर्माण कार्य कराने का दिया निर्देश, नये थाना भवन का किया उद्घाटन

पटना, 22 अगस्त 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मुजफ्फरपुर में मुजफ्फरपुर–हाजीपुर फोरलेन के निर्माणाधीन बाईपास एन0एच0 77 का निरीक्षण किया। एन0एच0 77 के हाजीपुर–मुजफ्फरपुर खंड के पकड़ी–पताही में निर्माणाधीन बाईपास का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के पश्चात् मुख्यमंत्री ने परियोजना कार्य की समीक्षा की। इस दौरान पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने मुख्यमंत्री को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से फोरलेन के निर्माण की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2010 में ही मुजफ्फरपुर–हाजीपुर बाईपास के निर्माण का फैसला लिया गया था लेकिन जमीन अधिग्रहण सहित अन्य समस्याओं के कारण वर्ष 2012 से इस पर काम शुरू हुआ। इस फोरलेन के बचे हुए निर्माण कार्य को नवंबर तक पूर्ण करा लिया जाएगा।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बचे हुए कार्यों को तेजी से पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर में लगभग 17 किलोमीटर बाईपास के निर्माण से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी तथा एक जगह से दूसरी जगह आने–जाने में काफी कम समय लगेगा। इस पथ से गोपालगंज होकर उत्तर प्रदेश जानेवाले लोगों को सुविधा होगी। सीतामढ़ी से सोनवर्षा जाना भी आसान हो जाएगा। साथ ही पटना–मुजफ्फरपुर को ईस्ट–वेस्ट कॉरिडोर के फोरलेन की भी कनेक्टिविटी मिलेगी। मुजफ्फरपुर के लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि इसके निर्माण से पटना से नेपाल जाना भी आसान हो जाएगा। मझौली से नेपाल को जोड़नेवाली सड़क एन0एच0 527–सी से भी आनेवाले वाहनों के लिए पटना आना–जाना आसान हो जाएगा।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने सकरी–सरैया में निर्माणाधीन तुर्की थाना भवन का निरीक्षण किया। तुर्की थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 15.03 करोड़ रुपये की लागत से मुजफ्फरपुर जिला के मॉडल थाना भवन जजुआर, मॉडल थाना भवन हत्था एवं एस0सी0–एस0टी0 विशेष थाना भवन का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। साथ ही 32.76 करोड़ रुपये की लागत से 6 थाना भवन सहित 7 पुलिस भवनों का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने 'जल–जीवन–हरियाली' अभियान के अन्तर्गत तुर्की थाना, कथैया थाना, रामपुर हरि थाना, पानापुर थाना, मुजफ्फरपुर जिलान्र्तगत महिला थाना, बेनीबाद थाना तथा बेला थाना में ग्रिड कनेक्टेड रूफ टॉप सोलर पॉवर प्लांट का भी शिलान्यास किया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल प्रदान किया। साथ ही 1479

सतत् जीविकोपार्जन योजना से जुड़े लाभार्थियों को 6 करोड़ 95 लाख रुपये का सांकेतिक चेक तथा विवाह प्रोत्साहन योजना के लाभार्थियों को भी सांकेतिक चेक प्रदान किया।

इस दौरान पंचायती राज मंत्री श्री केदार प्रसाद गुप्ता, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, गृह विभाग के प्रधान सचिव श्री अरविंद कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्यपदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त श्री गोपाल मीणा, तिरहुत प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक श्री शिवदीप लांडे, पटना के जिलाधिकारी डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा, मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन, मुजफ्फरपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राकेश कुमार, एन0एच0ए0आई0 के अभियंतागण सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******